मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 282 ■ शुक्रवार 6 फरवरी 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**प्रियंका ने दिया डॉन-3 और कृष-4 से जुड़ने का हिंट**

## उल्हासनगर में पानी की सप्लाई दो घंटे रहेगी बंद

- पावर लाइन के मेंटेनेंस से जलापूर्ति पर असर
- जांभूल केंद्र पर थमेगी पानी की पंपिंग



**उल्हासनगर.** पडघा में 220 KV पावर लाइन के मेंटेनेंस और रिपेयर के लिए दो घंटे के लिए पावर सप्लाई बंद रहेगी। इस वजह से, शहर में पानी की सप्लाई चेन में रुकावट आएगी। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जांभूल वॉटर सेंटर की पंपिंग पूरी तरह बंद रहेगी, और शहर में पानी की सप्लाई कम प्रेशर पर होगी।

महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी ने 220 KV पडघा EHV लाइन पर अर्जेंट मेंटेनेंस और रिपेयर का काम शुरू किया है। इसके लिए, शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक पावर सप्लाई बंद रहेगी। इन दो घंटों के दौरान, MIDC के जांभूल सेंटर का पंपिंग सिस्टम ठप रहेगा।

### कम प्रेशर पर पानी

पावर सप्लाई फिर से शुरू होने के बाद, पंपिंग प्रोसेस फिर से शुरू हो जाएगा, लेकिन क्योंकि सिस्टम को ठीक होने में समय लगता है, इसलिए पूरे दिन पानी की सप्लाई कम प्रेशर पर रहेगी। पाले टैपिंग और फॉरेस्ट नाका टैपिंग इलाकों में लोगों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है।

### प्रशासन की अपील

महानगरपालिका के वाटर सप्लाई ऑफिसर, अशोक घुले ने कहा कि चूंकि पानी की सप्लाई में रुकावट आएगी, इसलिए लोग गुरुवार को काफी पानी जमा कर लें और शुक्रवार को पानी का कम इस्तेमाल करें। हालांकि, पडघा लाइन पर प्लान किए गए पावर आउटेज के कारण, पंपिंग कुछ समय के लिए बंद रहेगी। उसके बाद भी, पानी की सप्लाई कुछ घंटों के लिए कम प्रेशर पर रहेगी। नगर पालिका के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर, अजय साबले ने लोगों से सहयोग करने की अपील की है।

# महायुति में मनमुटाव शुरू

**उल्हासनगर महानगर पालिका**

## उल्हासनगर में कागज़ों पर एकता, असल में टकराव

- चुनाव में हुई शाब्दिक लड़ाई का असर ठंडा नहीं हुआ
- शिवसेना-भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू
- सभापति चुनाव में दिखेगा इसका असर



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में महापौर और उप महापौर चुनाव के बाद उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में महायुति की सरकार बन गई, लेकिन इस सत्ता की नींव में जो नाराज़गी, आरोप-प्रत्यारोप और पोस्ट के बंटवारे को लेकर टकराव है, उसे देखते हुए यह सत्ता पांच साल चलेगी या नहीं, यह सवाल खुलकर उठ रहा है। BJP और शिवसेना (शिंदे ग्रुप) के बीच अंदरूनी मतभेद धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं, और ऐसी चर्चा है कि भविष्य में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की पॉलिटिक्स में बड़े उलटफेर की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

दोनों पार्टियों के लोकल नेताओं में यह भावना है कि उल्हासनगर की पॉलिटिक्स का रिमोट कंट्रोल लोकल लीडरशिप के पास नहीं, बल्कि डोंबिवली और ठाणे के सीनियर नेताओं के हाथ में है। इसी वजह से चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने वाले BJP और शिवसेना के नेता नतीजों के बाद ज़बरदस्ती एक साथ सत्ता में आ रहे हैं। इस सत्ता संघर्ष में लोकल लीडरशिप दब गई है, और चुनाव के बाद भी शहर से कोई ठोस और असरदार लीडरशिप सामने आती नहीं दिख रही है।

महापौर चुनाव के बैकग्राउंड में BJP चुनाव चीफ प्रदीप रामचंदानी के बयान ने पॉलिटिकल गलियारों में हलचल मचा दी है। उन्होंने साफ कहा कि अगर शिवसेना ने BJP के सीनियर नेताओं को नहीं तोड़ा होता, तो आज BJP साफ बहुमत के साथ सत्ता में होती। हमारे साथ गलत हुआ है, और जो महापौर बने हैं, उन्हें BJP की सहमति से नहीं चुना गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि चूंकि केंद्र और राज्य में महागठबंधन है, इसलिए उल्हासनगर में भी यही पॉलिटिकल फैसला लेना पड़ा।

इस बयान से BJP की नाराजगी खुलकर सामने आई है, और कहा जा रहा है कि यह बयान तो बस शुरुआत है। जैसे-जैसे सरकार बनाने का जोश कम हो रहा है, नाराजगी के स्वर और मुखर होते जा रहे हैं। इन सभी फैक्टर्स, आरोपों, अविश्वास, पद के लिए खींचतान और बाहरी लीडरशिप के दखल को देखते हुए, उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में महागठबंधन की ताकत कागजों पर भले ही मजबूत दिखती हो, लेकिन असल पॉलिटिकल हकीकत में यह अस्थिर होती जा रही है। अब असली चुनौती स्थायी समिति सभापति और प्रमुख सभापति पदों का चुनाव होगा और उसी से साफ होगा कि भविष्य में यह ताकत बची रहेगी या डगमगाएगी।

### स्टैंडिंग कमेटी राजनीतिक संघर्ष का केंद्र बनेगी

स्टैंडिंग कमेटी के लिए संघर्ष इस बात के साफ संकेत हैं कि मनपा में असली ताकत मानी जाने वाली स्टैंडिंग कमेटी अब राजनीतिक संघर्ष का केंद्र होगी। चर्चा है कि मनपा के वित्तीय मामलों और विकास कार्यों को कंट्रोल करने वाली इस कमेटी के चेयरमैन पद के लिए सीनियर लेवल पर जोरदार लॉबिंग शुरू हो गई है। महापौर का पद कालानी गुट के पास जाने से संभावना है कि शिवसेना शिंदे गुट के किसी सीनियर भरोसेमंद नेता को स्टैंडिंग कमेटी का चेयरमैन बनाने की कोशिश की जाएगी। हालांकि, मनपा की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा भी इस अहम पद को छोड़ने के मूड में नहीं है, इसलिए दोनों पार्टियों के बीच संघर्ष तय माना जा रहा है।

## पत्नी को दिखाने के बनाने के बहाने कपड़े लेकर फरार

**उल्हासनगर.** शहर में ठगी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।कैम्प- 3 ओ.टी.परिसर स्थित मैंझो स्टाइल नामक कपड़े की दुकान से दुकानदार को बातों में उलझाकर पत्नी को दिखाने के बहाने दो लोअर पैंट लेकर फरार हो जाने की घटना सामने आयी है।पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर स्टेशन रोड ओ.टी.सेक्शन पर दिपक चौहान की मैंझो स्टाइल नामक कपड़े की दुकान है.4 फरवरी रात 8 बजे के दरम्यान दुकानदार अकेला था कि तभी एक एक्टिवा मोटर साइकिल पर मास्क लगाकर एक व्यक्ति आया और कपड़े दिखाने को कहने लगा।पत्नी के बहार खड़े होने का हवाला देकर दुकानदार से दो लोयर लेकर फरार हो गया।मध्यवर्ती पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सड़क-पानी के मुद्दे पर शिवसेना के पार्षद आक्रामक

- जल्द काम पूरा करने का वादा
- सड़कों की खराब हालत, पानी की कमी पर कड़ा रुख;
- पार्षदों ने इलाके का मुआयना किया
- चुनाव के बाद पार्षद सीधे मैदान में उतरे
- कैंप-4 में सड़क के काम का रिव्यू



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप नंबर 4 में सड़कों की खराब हालत से परेशान लोगों का सब्र जवाब दे रहा था, वहीं नए चुने गए पार्षदों ने जिम्मेदारी दिखाई और असल काम की जगह पर जाकर मुआयना किया। पूनम होटल से सतरामदास हॉस्पिटल तक बहुत बिज़ी सड़क पर रुके हुए सड़क कंस्ट्रक्शन, पानी सप्लाई के मुद्दे और लोगों की बढ़ती नाराज़गी को देखते हुए यह इंस्पेक्शन ज़रूरी हो गया है। उल्हासनगर कैंप नंबर 4 में पैनल नंबर 15 के तहत पूनम होटल से सतरामदास हॉस्पिटल तक मेन रोड के कंस्ट्रक्शन के काम का हाल ही में शिंदे शिवसेना के पार्षद अरुण आशान ने निखिल पाटिल, अमर जग्यासी और नितिन सपकाले के साथ इंस्पेक्शन किया। इस इंस्पेक्शन के दौरान, लोकल लोगों ने सड़कों की बहुत खराब हालत, चल रही खुदाई से उड़ती धूल और कीचड़, ट्रैफिक में परेशानी और पानी की सप्लाई की गंभीर समस्याओं पर अपना गुस्सा ज़ाहिर किया। लोगों ने कहा कि सड़क कई दिनों से अधूरी पड़ी है, जिससे स्कूल के स्टूडेंट्स, मरीज़ों, सीनियर सिटिज़न्स और ड्राइवरों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायतें सुनने के बाद, कॉर्पोरेटर्स ने यह भी भरोसा दिलाया कि पानी की सप्लाई की समस्या को दूर करने के लिए टेम्पररी नहीं, बल्कि परमानेंट तरीके अपनाए जाएंगे।

लोकल कॉर्पोरेटर अरुण आशान ने कहा, "बुनियादी सुविधाएं पाना लोगों का हक है। सड़क और पानी के मुद्दों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।" इस इंस्पेक्शन से इलाके के लोगों को कुछ राहत मिली है, और अब सबका ध्यान इस बात पर है कि किए गए वादे असल में कितनी जल्दी पूरे होते हैं।

## सांसद के जन्मदिन पर गरीब वृद्धा को दी गई आर्थिक मदद

**नगरसेवक अब्दुल शेख ने विधवा को आपरेशन के लिए मदद की**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक गरीब महिला को आंख के मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए पैसों की जरूरत थी. जिसे नगरसेवक अब्दुल शेख ने 15 हजार रुपयों की मदद की है. सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन के अवसर पर शेख ने शास्त्री नगर की विधवा महिला थेरेसम्मा अरुलदास (64) को रकम की सहायता की है. अब्दुल शेख ने ये भी कहा है कि आंखों के चेकअप का वह जल्द ही आयोजन करके बड़े पैमाने पर जो गरीब झोपड़पट्टी में रहते हैं, उनको निःशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन करने के कैम्प का आयोजन करेंगे. थेरेसम्मा मोतियाबिंद का आपरेशन कराना चाहती थी, लेकिन उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह आपरेशन नहीं कर पा रही थी. उसने अब्दुल शेख से गुहार की और उन्होंने सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन पर विधवा महिला की आर्थिक सहायता की है. अब महिला का उपचार संभव हुआ है. श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन पर औपचारिक कार्यक्रम ना करते हुए गरीबों को स्वास्थ्य के लिए मदद का हाथ करने पर लोगों ने अब्दुल शेख की सराहना की है.

विदित हो कि अब्दुल शेख गत कई वर्षों से स्वामीनगर, शास्त्री नगर वासियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन करते हैं, जिसमें शहर के नामचीन डॉक्टर भाग लेकर गरीबों का मुफ्त में जांच करते हैं. उन्हें मुफ्त में दवाइयां, नजर के चश्मे वितरित किए जाते हैं.

## अंबरनाथ इंदगांव जिला परिषद स्कूल की 'उड़ान'




- स्टूडेंट्स का नाम चांद तक पहुंचेगा
- NASA ने जारी किया 'बोर्डिंग पास'

**ठाणे.** जिस उम्र में बच्चे कहानियों की किताबों में चांद-चांद ढूंढते हैं, उस उम्र में स्टूडेंट्स को सीधे चांद पर अपना नाम पहुंचाने का मौका मिलना थोड़ा हैरानी की बात है, है ना? लेकिन, हां, यह सच है। स्कूल जाने की उम्र में स्टूडेंट्स में साइंटिफिक सोच पैदा करने के लिए, और सिर्फ एस्ट्रोनॉमी की किताबी जानकारी नहीं, बल्कि उनमें एस्ट्रोनॉमी के लिए असली जुनून पैदा करने के लिए, ठाणे जिले के अंबरनाथ तालुका में इंदगांव जिला परिषद स्कूल ने एक अनोखी पहल की है. इस अनोखी पहल की वजह से इंदगांव जिला परिषद स्कूल अब ग्लोबल नहीं, बल्कि 'यूनिवर्सल' बन गया है। ऐसी ही चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

ठाणे जिले के ग्रामीण इलाकों के जिला परिषद स्कूलों के स्टूडेंट्स ने भी अब सीधे स्पेस में छलांग लगाई है। अंबरनाथ तालुका के इंदगांव ज़िला परिषद प्राइमरी स्कूल के स्टूडेंट्स के नाम NASA के आर्टेमिस-II स्पेस मिशन से चांद की कक्षा में भेजे जाने वाले हैं। यह अनोखी पहल स्कूल के प्रिंसिपल अमोल राजेंद्र पेनसलवार के कॉन्सेप्ट पर शुरू की गई है।

NASA के इंटरनेशनल इनिशिएटिव "सेंड योर नेम टू द मून" के तहत, स्कूल के प्रिंसिपल अमोल राजेंद्र पेनसलवार ने क्लास 4 और 5 के सभी स्टूडेंट्स के नाम ऑनलाइन रजिस्टर किए। इसके बाद, हर एक को NASA से एक डिजिटल बोर्डिंग पास मिला है।

यह नाम एक खास SD कार्ड में स्टोर किया जाएगा और आर्टेमिस-II मिशन से चांद के चक्कर लगाए जाएंगे।

### NASA का आर्टेमिस-II स्पेस मिशन असल में क्या है?

NASA अपने आने वाले ऐतिहासिक लूनर मिशन, आर्टेमिस-II के लिए नाम इकट्ठा कर रहा है। यह मिशन 2026 में लॉन्च होने वाला है। इस मिशन में चार एस्ट्रोनॉट्स 50 साल में पहली बार चांद का चक्कर लगाएंगे और धरती पर लौटेंगे। चांद पर अपना नाम भेजने के लिए, उस व्यक्ति को NASA की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपना नाम रजिस्टर करना होगा। इकट्ठा किए गए सभी नाम एक माइक्रो SD कार्ड पर डिजिटली स्टोर किए जाते हैं। फिर इस कार्ड को ओरियन स्पेसक्राफ्ट में रखा जाता है। जब स्पेसक्राफ्ट चांद की कक्षा में जाएगा, तो टेक्निकली आपका नाम भी चांद का चक्कर लगा रहा होगा।

## जिलाधिकारी ने अंबरनाथ, बदलापुर का किया दौरा

- गंदे पानी की एवं फार्मिंग सोसायटी की भूमि, समस्या को देखा



**अंबरनाथ.** ठाणे जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने बुधवार को अंबरनाथ और बदलापुर का दौरा किया. शहर का गंदा एवं केमिकल युक्त पानी उल्हास नदी में छोड़ा जा रहा है. इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय ने नगर पालिका प्रशासन को सुनाया था. शहर का गंदा पानी किसी भी प्रकार की प्रक्रिया नहीं करते हुए उल्हास नदी में छोड़ने से प्रदूषण बढ़ गया है. न्यायालय ने नगर पालिका प्रशासन पर नाराजी व्यक्त किए जाने पर और अंबरनाथ में फार्मिंग सोसायटी की 210 एकड़ भूमि शासन के कब्जे में लेने को न्यायालय ने कहा था. इसलिए जिलाधिकारी ने अंबरनाथ और बदलापुर का दौरा किया. उन्होंने बदलापुर के तीनों एसटीपी प्लांट को देखा. उसके बाद अंबरनाथ पूर्व में फार्मिक सोसायटी की भूमि और शासकीय, वैद्यकीय महाविद्यालय निर्माण के लिए जगह को भी देखा. उनके साथ उल्हासनगर के उपविभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा, तहसीलदार अमित पुरी उपस्थित थे. मुख्याधिकारी से भी जिलाधिकारी ने एसटीपी प्लांट के बारे में पूछताछ की. उपाय योजना के लिए समिति का गठन करके शहर का गंदा पानी एसटीपी प्लांट तक जाता है या इस बारे में जांच की जा रही है. कुछ जगहों पर पंपिंग करके गंदे पानी को एसटीपी प्लांट तक ले जाने की भविष्य में योजना है.

विदित हो कि बदलापुर शहर में तीन बड़े नाले हैं. उसका गंदा पानी प्रक्रिया ना करते हुए नदी में जा रहा है और वही उल्हास नदी का पानी नागरिक पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं. इस बात को लेकर न्यायालय ने नगर पालिका प्रशासन को सुनाया था.

## महेश मूलचंदानी बने व्यापारी महापंचायत के अध्यक्ष



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-5 में व्यापारी महापंचायत जो कई वर्षों से सक्रिय है और व्यापारियों के हितों का कार्य करती आ रही है। इस पंचायत में कई छोटी पंचायतों का भी समावेश है। इनमें शामिल व्यापारियों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से महेश मूलचंदानी को नियुक्त किया गया।

उल्हासनगर-5 कुर्ला कैम्प रोड होटल शांति सागर में आयोजित बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष महेश मूलचंदानी ने कहा कि यह हमारी सबसे पुरानी पंचायत है जो व्यापारियों के हितों की रक्षा करती है। व्यापारियों की समस्याओं पर आगे की रणनीति भी इस बैठक में तय की गई। उल्हासनगर-5 के प्रमुख व्यापारी इस बैठक में शामिल हुए और श्री मूलचंदानी को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

## निडर पीढ़ी बनाने की पहल

**उल्हासनगर मनपा स्कूल में लड़कियों के लिए ताइक्वांडो ट्रेनिंग**



**उल्हासनगर.** आज की असुरक्षित दुनिया में, लड़कियों को सिर्फ़ किताबें ही नहीं, बल्कि खुद की सुरक्षा करने की ताकत देना भी समय की ज़रूरत बन गई है। इसी ज़रूरत को समझते हुए, उल्हासनगर मनपा के पीएम श्री स्कूल नंबर 25 में पिछले छह महीनों से स्टूडेंट्स को निडर, कॉन्फिडेंट और काबिल बनाने के लिए सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग की एक शानदार पहल शुरू की गई है। इस ट्रेनिंग की वजह से, स्कूल कैंपस में न सिर्फ़ डिसिप्लिन बल्कि सेल्फ-अवेयरनेस और सेफ्टी का एक नया कल्चर भी बन रहा है।

यह पहल महाराष्ट्र प्राइमरी एजुकेशन काउंसिल की गाइडलाइन के अनुसार कमिश्नर मनीषा अव्हाले के गाइडेंस में और उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एजुकेशन डिपार्टमेंट के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर दीपक धनगर के सपोर्ट से अच्छे से लागू की जा रही है। इस पहल को स्कूल प्रिंसिपल गार्गी चतुर्वेदी की पहल से दिशा मिली है।

स्टूडेंट्स को टेक्निकल और साइंटिफिक ट्रेनिंग देने के लिए, स्टेट लेवल की एथलीट और ताइक्वांडो इंस्ट्रक्टर सुश्री गोल्डी जितेंद्र पांडे को मानदेय पर गेस्ट टीचर के तौर पर रखा गया है। हफ्ते में तीन दिन, स्कूल के समय के अलावा, इन स्टूडेंट्स को अलग-अलग सेल्फ-डिफेंस टेक्नीक सिखाई जा रही हैं।

यह ट्रेनिंग न सिर्फ फिजिकल डिफेंस टेक्नीक सिखाती है, बल्कि उन्हें मुश्किल समय में सिचुएशनल अवेयरनेस, कॉन्फिडेंस, मेंटल स्ट्रेंथ और हिम्मत बनाए रखने के तरीके भी बताती है। इससे स्टूडेंट्स में काफी बदलाव देखने को मिल रहे हैं और वे ज्यादा कॉन्फिडेंस और निडरता से काम करने लगे हैं।

लड़कियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पढ़ाई के साथ-साथ प्रोटेक्शन देने वाली यह पहल दूसरे स्कूलों के लिए भी एक मॉडल बन रही है, और इसे एक काबिल और कॉन्फिडेंट पीढ़ी बनाने की दिशा में एक ज़रूरी कदम माना जा रहा है।



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## डिजिटल एडिक्शन का खतरनाक खेल

ऑनलाइन खेल मनोरंजन का साधन हो सकता है, लेकिन इसके लिए सीमित समय तय करना और आत्मनियंत्रण बेहद जरूरी है। अगर किसी बच्चे या किशोर को इसकी लत लग जाए, तो इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। आज की आभासी दुनिया में ऐसे खेल भी आ गए हैं, जिनमें उपयोगकर्ताओं को जोखिम भरे कार्य दिए जाते हैं। बच्चे इन खेलों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं, जिससे वे न केवल शारीरिक एवं मानसिक विसंगतियों का शिकार हो जाते हैं, बल्कि कई बार आत्मघाती कदम उठा लेते हैं।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां तीन नाबालिग बहनें मंगलवार देर रात इमारत की नौवीं मंजिल से कूद गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस को प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला कि ये तीनों बहनें एक ऐसे आनलाइन खेल की आदी थीं, जिसमें खेल के दौरान कुछ इस तरह के कार्य दिए जाते हैं, जो खतरे से खाली नहीं होते।

इसमें दोराय नहीं कि इंटरनेट और स्मार्ट फोन ने हमारे जीवन को सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन तकनीक के इस साधन में कई तरह के खतरे भी छिपे हुए हैं। मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से न केवल बच्चों और किशोरों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि उनके व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गाजियाबाद में इमारत से कूदकर जान देने वाली लड़कियों के परिवारवाले भी इस बात से चिंतित थे और उनके आनलाइन गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे।

कहा जा रहा है कि परिवार वालों ने इन तीनों बहनों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, जिससे वे बेहद निराश थीं। सवाल है कि ऐसे आनलाइन खेलों की अनुमति कैसे दे दी जाती है, जो किसी बच्चे के जीवन को खतरे में डाल दे या फिर उसकी मौत का कारण बन जाए? जाहिर है, इसके पीछे कानून में स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव हो सकता है। मगर अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे इस तरह के जोखिम को हल्के में न लें और बच्चों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल के दौरान उन पर नियमित नजर रखें।

# विचार : इस्लामिक जगत में बदलते समीकरण

पश्चिम और दक्षिण एशिया की सुरक्षा संरचना इस समय एक गहरे, लेकिन अपेक्षाकृत शांत परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। इसके मूल में विचारधारा से अधिक भू-राजनीतिक यथार्थ, आर्थिक गणनाएं और क्षेत्रीय शक्तियों की बढ़ती आत्मनिर्भरता है। अमेरिका की घटती सुरक्षा भूमिका, यूरोप की आंतरिक विभाजित स्थिति और वैश्विक शक्ति संतुलन में हो रहे बदलावों ने क्षेत्रीय देशों को अपनी सुरक्षा जिम्मेदारी स्वयं संभालने के लिए प्रेरित किया है।

लंबे समय तक पश्चिम एशिया की सुरक्षा व्यवस्था अमेरिकी नेतृत्व और गारंटी पर आधारित रही, किंतु ट्रंप के कार्यकाल के बाद से अमेरिका की नीति अधिक लेन-देन आधारित और अनिश्चित होती गई है। इससे पारंपरिक सहयोगी देशों को यह महसूस होने लगा कि संकट के समय अमेरिकी हस्तक्षेप स्वतःस्फूर्त नहीं रहेगा। यूरोप भी यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा संकट के कारण इस क्षेत्र में प्रभावी सुरक्षा भूमिका निभाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में क्षेत्रीय शक्तियां वैकल्पिक सुरक्षा व्यवस्थाओं की तलाश में हैं। इस बदलते परिदृश्य में एक धारा पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच उभरती निकटता के रूप में दिखाई देती है, जिसे 'इस्लामिक नाटो' भी कहा जा रहा है।



पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब के साथ रक्षा सहयोग रखता आया है, किंतु हालिया वर्षों में इस संबंध को व्यापक रणनीतिक ढांचे में बदलने का प्रयास तेज हुआ है। उसकी कोशिश है कि सऊदी संसाधनों और तुर्किये की रक्षा तकनीक के साथ मिलकर एक ऐसा सुरक्षा समूह बनाया जाए, जो अमेरिका पर निर्भरता कम कर सके। हालांकि इस प्रस्तावित धुरी की मजबूती उतनी नहीं है, जितनी उसकी राजनीतिक बयानबाजी से प्रतीत होती है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और उसकी क्षेत्रीय विश्वसनीयता सीमित होती जा रही है। भारत के साथ उसका संघर्ष केवल भू-क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैचारिक भी है, जिसे उसकी सैन्य स्थापना अब भी 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' के रूप में जीवित रखे हुए है।

इसी वैचारिक ढांचे के माध्यम से पाकिस्तान मुस्लिम दुनिया में समर्थन जुटाने की कोशिश करता रहा है, किंतु व्यावहारिक स्तर पर उसे बार-बार यह एहसास हुआ है कि मजहबी एकजुटता अपने आप में स्थायी रणनीतिक समर्थन की गारंटी नहीं देती। सऊदी अरब अपनी सुरक्षा आवश्यकताओं को विविधीकृत कर रहा है। उसके अमेरिका, चीन, भारत और क्षेत्रीय शक्तियों के साथ समानांतर संबंध हैं। भारत में उसके बड़े आर्थिक हित हैं। तुर्किये भी नाटो का सदस्य रहते हुए स्वतंत्र क्षेत्रीय भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है, जिससे इस प्रस्तावित धुरी में अंतर्विरोध पैदा होते हैं। सऊदी और तुर्किये दोनों ही मुस्लिम दुनिया में नेतृत्व की आकांक्षा रखते हैं, जो उन्हें सहयोगी से अधिक प्रतिस्पर्धी बनाती है। शायद इसीलिए उसने सऊदी और पाकिस्तान के सैन्य गठजोड़ में शामिल होने से इन्कार कर दिया।

सऊदी अरब और पाकिस्तान के समानांतर एक दूसरी रणनीतिक साझेदारी भारत, संयुक्त अरब अमीरात और इजरायल के बीच उभर रही है। यह साझेदारी साझा सुरक्षा चिंताओं, तकनीकी क्षमताओं पर आधारित है। रक्षा, खुफिया, समुद्री सुरक्षा, साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में यह सहयोग धीरे-धीरे गहराता जा रहा है। यूएई का दृष्टिकोण वैचारिक नेतृत्व के बजाय स्थिरता, प्रतिरोधक क्षमता और आर्थिक विकास पर केंद्रित है। यमन से लेकर अफ्रीका के हार्न क्षेत्र तक यूएई ने यह दिखाया है कि वह अपने सुरक्षा हितों को स्वतंत्र रूप से परिभाषित करने के लिए तैयार है, भले ही इसके लिए उसे पारंपरिक सहयोगियों से अलग रास्ता क्यों न अपनाना पड़े। इजरायल के साथ सामान्यीकरण ने यूएई को क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे में एक नई स्थिति प्रदान की है। भारत के लिए यह साझेदारी रणनीतिक और मनोवैज्ञानिक दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण है। जहां नई दिल्ली पाकिस्तान द्वारा इस्लामिक जगत में अपनी स्थिति मजबूत करने के प्रयासों को लेकर सतर्क है, वहीं वह इजरायल के साथ दशकों से चले आ रहे संबंधों को यूएई जैसे आर्थिक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश के साथ जुड़ने का भी अवसर देख रही है।





प्रभु के प्रेम को अनुभव करने के लिए जो कुछ भी हमें चाहिए, वो हम में से हर एक के लिए उपलब्ध कराया गया है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बंगाल, ममता बनर्जी और मतदाता सूची

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार से शुरू हुआ विवाद उत्तर प्रदेश से होकर अब पश्चिम बंगाल में केंद्रित हो गया है। पुनरीक्षण प्रक्रिया का मकसद मतदाता सूची से अपात्र लोगों को बाहर करना है, जिनमें स्थान बदलने वाले नागरिक या जिनकी मौत हो चुकी है या फिर गलत तरीके से नाम दर्ज कराने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। चुनाव में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस कवायद को जरूरी माना गया है और इस पर किसी को आपत्ति नहीं होगी, मगर इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है पारदर्शिता और निष्पक्षता का।

विभिन्न राज्यों में इस प्रक्रिया के तहत मसविदा मतदाता सूची से जितनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर होने के दावे किए जा रहे हैं, उससे आम नागरिकों के मन में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इससे संबंधित मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि राज्य के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे।



गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि नागरिकों के नाम मनमाने तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए और उन्हें इस संबंध में कारणों की जानकारी भी नहीं दी गई। ऐसे में निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को समय पर सूचित करने और उन्हें अपनी पात्रता साबित करने के पर्याप्त अवसर देने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

जाहिर है, अगर पुनरीक्षण को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने को प्राथमिकता दी जाती, तो संभवतः अनावश्यक विवाद खड़े नहीं होते। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिया था कि इस पूरी प्रक्रिया में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पारदर्शी ढंग से होना चाहिए, ताकि इससे नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा या तनाव न हो।

पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में दलील दी कि निर्वाचन आयोग को तार्किक विसंगति सूची में नामों का उल्लेख करने के कारणों को तत्काल सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि संबंधित व्यक्ति यह जान सके कि गड़बड़ कहां हुआ है और उसमें अपेक्षित सुधार किया जा सके। दावा किया जा रहा है कि राज्य में नाम, उपनाम या आयु में गड़बड़ी को लेकर अब तक 1.36 करोड़ लोगों को तार्किक विसंगतियों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

इस पर शीर्ष अदालत ने बांग्ला भाषा में बोलचाल का जिक्र करते हुए कहा कि कभी-कभी इसकी वजह से भी नामों की वर्तनी गलत हो जाती है, लेकिन पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में बने रहना जरूरी है। सवाल है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का जो काम निर्वाचन आयोग को खुद अपने स्तर पर शामिल करना चाहिए था, उस संबंध में न्यायालय को निर्देश देने की जरूरत क्यों पड़ रही है। ऐसे में यह सुनिश्चित करने की नितांत आवश्यकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर न हो, ताकि निर्वाचन आयोग पर आम लोगों का भरोसा पूरी तरह कायम रहे।

# सूखी पत्तियों की तरह यहां पेड़ से गिर रही छिपकलियां

**जरा हट के**

मौसम के प्रभाव के चलते आजकल अमेरिका में छिपकलियां परेशान हैं. वो सूखी पत्तियों की तरह पेड़ से गिर रही हैं. लोग उन्हें जमीन से उठाकर सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं. पर इसका कारण क्या है और ये पूरा मामला है क्या? चलिए आपको बताते हैं.

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के फ्लोरिडा में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है. इसका असर वहां मौजूद विशाल छिपकलियों पर पड़ रहा है जिन्हें इगुआना कहते हैं. ये रेप्टाइल होती हैं और विशाल छिपकली जैसी दिखाई देती हैं. चूंकि ये ठंडे खून वाले जीव होते हैं, इस वजह से सर्दी के दिनों में इनका खून जमने लगता है. आपने गौर किया होगा कि ठंड के दिनों में आपके घरों में भी छिपकलियां नहीं दिखाई देती हैं. इसका यही कारण है, ठंड में छिपकलियां दरारों में छुप जाती हैं, और वहीं पर रहते हुए सर्दियां बिताती हैं. वो बिल्कुल



पुतले की तरह बन जाती हैं जिससे उनके शरीर में गर्माहट बनी रहे.

रिपोर्ट के अनुसार फ्लोरिडा में करीब 10 लाख इगुआना पेड़ पर रहते हैं. अब जब ये इगुआना ठंड से जमने लगे हैं, तो ये पेड़ों से पत्तियों की तरह नीचे गिर रहे हैं. ये बिल्कुल बर्फ की तरह जमे हुए नीचे गिर रहे हैं. यूं तो फ्लोरिडा में आम नागरिकों द्वारा इगुआना को छूना या उठाना प्रतिबंधित है, मगर अभी के हाल को देखते हुए फ्लोरिडा फिश एंड वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन कमिशन ने तय किया है कि वो शहर में टेंपरेरी कलेक्शन सेंटर बनाएंगे, जहां लगाकर नागरिक इन छिपकलियों को जमा कर सकते हैं.

प्रशासन ने कहा कि इस मौसम को देखते हुए ये जरूरी नहीं है कि लोग इगुआना को उठाकर कलेक्शन सेंटर में लेकर आएं. अगर वो चाहें तो खुद ही उन्हें धूप में रख दें, जिससे वो दोबारा एक्टिव होकर पेड़ पर जा सकते हैं. पर अगर लोग पर्यावरण संरक्षण में मदद करना चाहते हैं तो वो वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन कमिशन को फोन कर सकते हैं जिससे वो आकर उन्हें लेते जाएंगे.

# बंगाली मिठाई संदेश




**प्यार का महीना यानी फरवरी शुरू होते हैं ही बाजारों में लाल और गुलाबी रंग की बहार आ जाती है। इस महीने में आने वाले वैलेंटाइन वीक का इंतजार हर कोई बेसब्री से करता है। वैलेंटाइन वीक की शुरुआत में ज्यादातर लोगों को गुलाब का फूल मिल ही जाता है। ताजे फूल दिखने में तो अच्छे लगते है लेकिन धीरे-धीरे जब सूख जाते हैं तो इन्हें फेंक दिया जाता है। लेकिन इस बार आप ऐसा न करें। आप इसका इस्तेमाल अलग-अलग तरह से कर सकते हैं और एक तरीका है कि आप इससे कुछ टेस्टी खाने की चीज बना लें। ऐसे में आप इस फूल की पत्तियों से टेस्टी रोज संदेश बनाकर तैयार कर सकते हैं।**

**सामग्री :**

- फुल क्रीम दूध
- एक चम्मच नींबू का रस या विनेगर
- चीनी (पाउडर)
- रोज शरबत
- रोज एसेंस
- पिस्ता
- गुलाब की पत्तियां

**विधि :**

इस मिठाई को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में दूध को अच्छे से गर्म करें और जब इसमें उबाल आ जाए तो आंच कम करने के बाद इसमें नींबू का रस या विनेगर डालें और अच्छे से चलाते रहें। कुछ देर में दूध से बना छेना और पानी अलग हो जाएगा। फिर इसे छन्नी से छान लें। इस छेने को साफ पानी से दो से तीन बार धोएं और फिर अच्छे से पानी निचोड़ने के बाद इसे एक प्लेट में रखें। अब इस छेने में चीनी, रोज शरबत और रोज एसेंस (ऑप्शनल) को अच्छे से मिला लें। अब इसे हथेली की मदद से अच्छे से मसलें। जब छेना आटा की तरह बन जाए तो इसके छोटे-छोटे गोले बना लें। फिर इसके ऊपर गुलाब की पत्ती और बारीक कटा पिस्ता लगाएं और हल्के हाथ से दबा दें। सभी को इसी तरह तैयार करें और कुछ देर के लिए फ्रिज में ठंडा करने के बाद सर्व करें।



# इन 5 लोगों को नहीं खाना चाहिए सरसों का तेल

### सेहत को हो सकता है गंभीर नुकसान

भारतीय घरों में सरसों का तेल सबसे ज्यादा इस्तेमाल में लाया जाता है। खाना पकाना हो या बालों और स्किन का ध्यान रखना हो, सरसों का तेल एक बेहतरीन ऑप्शन है। कई घरों में रोजाना की कुकिंग के लिए भी इसी का इस्तेमाल होता है। मोटे तौर पर खाना पकाने के लिए यह एक हेल्दी ऑप्शन है और खाने में एक नया फ्लेवर भी एड करता है। अपने पोषक तत्वों के चलते आयुर्वेद में भी सरसों का तेल इस्तेमाल करने के कई फायदे बताए गए हैं। हालांकि कुछ लोगों के लिए सरसों के तेल में बना खाना खाना नुकसानदायक भी हो सकता है। ऐसे में कुछ लोग इसे खाना अवॉइड ही करें तो बेहतर है। आइए जानते हैं किन हेल्थ कंडीशंस में सरसों का तेल नहीं खाना चाहिए।

### जिन्हें रहती हो पाचन से जुड़ी समस्याएं

कई लोगों को अक्सर पाचन से जुड़ी कोई ना कोई समस्या जैसे - अपच, गैस, ब्लोटिंग, एसिडिटी, सीने में जलन और कब्ज आदि बनी ही रहती है। मोटे तौर पर कहें तो इन्हें खाना पचाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ऐसे लोगों को सरसों का तेल ज्यादा नहीं खाना चाहिए। दरअसल सरसों के तेल की तासीर गर्म होती है और इसे पचाना भी थोड़ा मुश्किल हो सकता है। कई मामलों में ज्यादा सरसों के तेल से बना भोजन करने पर उल्टी-दस्त जैसी समस्या हो सकती है।

### प्रेग्नेंसी में ना खाएं सरसों का तेल

गर्भवती महिलाओं को भी ज्यादा सरसों के तेल का बना खाना खाने से परहेज करना चाहिए।



दरअसल सरसों के तेल में कुछ केमिकल कंपाउंड मौजूद होते हैं, जो कई बार शिशु के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसकी तासीर भी गर्म होती है, जो इस स्थिति में और समस्या खड़ी कर सकती है। इसके अलावा इसे खाने से मोटापे का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। ऐसे में प्रेग्नेंट महिलाओं को हमेशा डॉक्टर की सलाह पर ही सरसों के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए।

### जिन्हें हो हार्ट से जुड़ी समस्या

आजकल हार्ट से संबंधित बीमारियां काफी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में अपने खानपान का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ज्यादा सरसों का तेल खाने से हृदय रोगों का खतरा और भी ज्यादा बढ़ सकता है। दरअसल सरसों के तेल में एरुसिक एसिड मौजूद होता है, जो हार्ट की मसल्स में और भी ज्यादा फैट को जमा करता है। इससे हार्ट अटैक जैसी दिल की कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जिन लोगों को पहले से ही हार्ट से जुड़ी कोई समस्या है उन्हें डॉक्टर की सलाह के बिना सरसों का तेल बिल्कुल भी इस्तेमाल में नहीं लाना चाहिए।

### मोटापे से परेशान लोग

अगर आप अपने बढ़ते मोटापे से परेशान हैं और वजन घटाने में लगे हुए हैं, तो आपको अपनी डाइट में सरसों का तेल कम से कम ही इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल सरसों के तेल में काफी अधिक मात्रा में फैट मौजूद होता है, जो तेजी से वजन बढ़ा सकता है। ऐसे में आपको बहुत ही सीमित मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए ताकि आपका वजन कंट्रोल में रहे।

### एलर्जी वाले कम करें सरसों के तेल का इस्तेमाल

कई लोगों को एलर्जी की समस्या होती है। उनकी स्किन पर खुजली, रैशेज, चकत्ते और कई बार आंतों में सूजन तक हो जाती है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इन लोगों को भी अपने डॉक्टर की सलाह के बाद ही सरसों के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल सरसों के तेल में मौजूद कुछ केमिकल कंपाउंड एलर्जी को ट्रिगर कर सकते हैं या फिर इसे और भी ज्यादा बढ़ा सकते हैं। ऐसे में सरसों के तेल का इस्तेमाल लिमिट में ही करें।

## आज का राशिफल

**मेष** : भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। लाभ होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी आएगी। कामकाज में बाधाएं आ सकती हैं। कर्मचारियों पर व्यर्थ संदेह न करें। आर्थिक लाभ मिलने से एक्स्ट्रा खर्च उठा पाएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य कमजोर होगा।

**वृषभ** : व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पारिवारिक उन्नति होगी। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वविवेक से कार्य करना लाभप्रद रहेगा।

**मिथुन** : गीत-संगीत में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अधूरे कामों में गति आएगी। व्यावसायिक गोपनीयता भंग न करें।

**कर्क** : घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धनलाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के योग हैं। वाणी पर संयम आवश्यक है। जीवनसाथी से मदद मिलेगी। सामाजिक यश-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान बढ़ेगा। स्वजनों से मेल-मिलाप होगा। नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति की संभावना है। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। किसी की आलोचना न करें। खानपान का ध्यान रखें। आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी।

**कन्या** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। व्यावसायिक समस्या का हल निकलेगा। नई योजना में लाभ की संभावना है। घर में मांगलिक आयोजन हो सकते हैं। जीवनसाथी से संबंध घनिष्ठ होंगे। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**तुला** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। राजकीय कार्य में परिवर्तन के योग बनेंगे। आलस्य का परित्याग करें। आपके कामों की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा। नई कार्ययोजना के योग प्रबल हैं। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**वृश्चिक** : व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कानूनी मामले सुधरेंगे। धन का प्रबंध करने में कठिनाई आ सकती है। आहार की अनियमितता से बचें। व्यापार, नौकरी में उन्नति होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रखें।

**धनु** : व्यापार-व्यवसाय सामान्य रहेगा। दूरदर्शिता एवं बुद्धि चातुर्य से कठिनाइयां दूर होंगी। राज्य तथा व्यवसाय में सफलता मिलने के योग हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। बाकी सामान्य रहेगा।

**मकर** : लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। कुछ मानसिक अंतर्द्वंद्व पैदा होंगे। पारिवारिक उलझनों के कारण मानसिक कष्ट रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धैर्य एवं संयम रखकर काम करना होगा। यात्रा आज न करें।

**कुंभ** : नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कार्य में व्यय की अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में भावनात्मक समस्याएँ रह सकती हैं। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। राजमान प्राप्त होगा।

**मीन** : परिवार के सहयोग से दिन उत्साहपूर्ण व्यतीत होगा। योजनानुसार कार्य करने से लाभ की संभावना है। आर्थिक सुदृढ़ता रहेगी। धनार्जन होगा। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बेचैनी दूर होगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। कोर्ट में अनुकूलता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# महिलाओं के लिए वरदान हैं कद्दू के पत्ते



### मूड स्विंग से एनीमिया तक में पहुंचाते हैं फायदा

आपने कभी कद्दू के पत्ते की सब्जी भी कभी बनाकर खाई है? जी हां, कद्दू की सब्जी की ही तरह इसके पत्ते भी बेहद टेस्टी और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। जो खासतौर पर महिलाओं की सेहत को कई फायदे पहुंचाते हैं। बता दें, कद्दू के पत्तों में फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक यौगिक और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके साथ ही इसमें कैल्शियम, मैंगनीज, विटामिन बी 6 और फास्फोरस भी पाया जाता है। यह सभी पोषक तत्व शारीरिक और मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। आइए जानते हैं कद्दू के पत्ते खाने से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।

### प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम

प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम, आजकल ज्यादातर महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। इस समस्या से पीड़ित महिला मूड परिवर्तन, सिरदर्द, डिप्रेशन और चिड़चिड़ापन आदि समस्याओं से परेशान रहती है। जिससे राहत पाने के लिए महिलाओं को मैंगनीज रिच आहार लेने की सलाह दी जाती है। कद्दू के पत्तों में भरपूर मात्रा में मैंगनीज मौजूद होता है। जो महिलाओं को इस समस्या में राहत दे सकता है।

### कब्ज

अगर किसी महिला को कब्ज की शिकायत रहती है तो कद्दू के पत्ते उसे फायदा पहुंचा सकते हैं। फाइबर रिच कद्दू के पत्तों का सेवन करने से कब्ज से राहत मिल सकती है। यह मल को मुलायम बनाने के साथ मल त्याग की प्रक्रिया को भी आसान बनाता है।

### मजबूत हड्डियां

कद्दू के पत्तों में भरपूर मात्रा में कैल्शियम और फास्फोरस मौजूद होने से यह आपकी हड्डियों को मजबूत और दांतों के विकास में जरूरी भूमिका निभाता है। इनके नियमित सेवन से जोड़ों और हड्डियों के दर्द से भी निजात मिल सकती है।

### एनीमिया

कद्दू के पत्तों में आयरन की अच्छी मात्रा मौजूद होने से एनीमिया की कमी दूर होने के साथ पीरियड के दर्द में भी राहत मिल सकती है।

### कोलेस्ट्रॉल

कद्दू के पत्तों में मौजूद घुलनशील फाइबर छोटी आंतों से कोलेस्ट्रॉल और पित्त एसिड के अवशोषण को कम करने में मदद करता है, जिससे रक्त कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। ब्लड कोलेस्ट्रॉल को कम करके, फाइबर हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

# शांत रहकर पकाना चाहिए खाना

**शांत रहकर खाना पकाना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इस तरह आप ज्यादा फोकस होते हैं। इसके अलावा खाने को देखने के साथ उसकी खुशबू, बनावट और आवाज के साथ पूरी तरह से जुड़ने में कामयाब होते हैं। इसके अलावा इस तरह की कुकिंग आपको स्ट्रेस फ्री और रिलैक्स महसूस करवा सकती है। यहां जानिए शांत रहकर खाना पकाने से क्या होता है-**



### स्ट्रेस होगा कम

जब आप शांत रहकर खाना पकाते हैं तो शांत वातावरण तनाव को कम करने में मदद कर सकता है। इसी के साथ अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जो एकांत का मजा लेते हैं शांत रहकर खाने बनाने का अनुभव आपको जरूर पसंद आएगा।

### आवाज के प्रति जागरूकता

खाना पकाते समय जब आप बातचीत या किसी भी तरह के शोर से दूर होते हैं, तो आप खाना पकाने की हल्की आवाज जैसे तेल के गर्म होने, उबलते पानी की आवाज सुन पाते हैं। इसी के साथ सब्जियों को धीरे से काटने में ज्यादा मशगूल हो जाते हैं। ऐसा करके आप खाना पकाने की प्रक्रिया की ज्यादा सटीक निगरानी कर सकते हैं।

### माइंडफुलनेस प्रेक्टिस

अगर आपके दिमाग में हमेशा बहुत कुछ चलता रहता है तो शांत रहकर खाना पकाना एक तरह की माइंडफुलनेस प्रेक्टिस हो सकती है, जो आपको उस पल में पूरी तरह से मौजूद रहने और काम पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है। ऐसा करके आप ज्यादा आराम और केंद्रित महसूस करते हैं।

### खाने का बढ़ता है स्वाद

खाना बनाते समय आवाज और खाने की बनावट पर पूरा ध्यान देने से आपको अपने खाने की अच्छी बनावट मिल सकती है। इसी के साथ आप खाने को बहुत ज्यादा पकने या जलने से बचा सकते हैं।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### लिव इन में रह रहे प्रेमी-प्रेमिका में कपड़े धुलने पर विवाद; युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

**अलीगढ़.** अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र के एक होटल में बुधवार देर शाम प्रेमी-प्रेमिका के बीच हुए झगड़े के बाद प्रेमी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों लिव-इन रिलेशनशिप पर रह रहे थे। परिजनों ने प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगाया है। जबकि प्रेमिका का कहना है कि युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या की है। पुलिस युवती से पूछताछ कर रही है। सिविल लाइन क्षेत्र के जमालपुर आसिफ नगर निवासी 25 वर्षीय जीशान टेंपो चलाता था। वह करीब तीन साल पहले मसूदाबाद चौराहा स्थित देव होटल में काम करने वाली काजल नाम की लड़की के संपर्क में आया। इसके बाद जीशान अपना छोड़कर काजल के साथ किराये पर कमरा लेकर गांधीपार्क क्षेत्र के नौरंगाबाद में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था।

### स्कूटी से छह किमी पीछा कर पुलिस ने सपा नेता को पकड़ा, इलाके में जुलूस भी निकाला

**कानपुर.** कानपुर में घाटमपुर थाना क्षेत्र में कई आरोपों में घिसे सपा नेता आमिर जैदी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही आमिर फरार होने लगा, लेकिन इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने स्कूटी से करीब छह किलोमीटर तक पीछा कर उसे दबोच लिया।

पकड़ने के बाद सपा नेता का जुलूस भी निकाला। पुलिस के अनुसार एक युवती ने आमिर पर दुष्कर्म और धर्मांतरण के दबाव के मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2013 में पिता के निधन के बाद आमिर जैदी ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद वह लगातार उसके साथ गलत कार्य करता रहा।

### यूपी में काल बन गया कोहरा, ट्रक से टकराई कार, दंपति समेत तीन लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी.** यूपी के लखीमपुर खीरी में हादसा हो गया। तीन लोगों के लिए कोहरा काल बन गया। एनएच 730 पर गुरुवार सुबह छाए जबरदस्त कोहरे के बीच एक कार किसी ट्रक से जा टकराई। इस सड़क हादसे में बहराइच जिला निवासी दंपति समेत तीन की मौत हो गई। दो घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। वहां से एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। यह हादसा एनएच 730 पर गोला कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव के पास हुआ। बहराइच जिले के गांव धाम कुंडा थाना रामगांव का निवासी 28 वर्षीय सुनील सिंह अपनी पत्नी 26 वर्षीय सुधा, दो साल की बेटी और साले मुकेश सिंह के साथ दिल्ली से बहराइच जा रहे थे। सुनील दिल्ली में डेकोरेशन का काम करते थे। उनका परिवार राजौरी गार्डन में रह रहा था।

### 'चालान' का लिंक क्लिक करते ही खाते से उड़ गए 12 लाख; फ्रॉड का शिकार बने बुजुर्ग

**लखनऊ.** लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित सरसवां, अर्जुनगंज निवासी वरिष्ठ नागरिक कौशल किशोर मिश्रा साइबर ठगी का शिकार हो गए। 21 जनवरी से 2 फरवरी के बीच उनके बैंक खाते से अलग-अलग तारीखों में कुल 11 लाख 93 हजार 863 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित के अनुसार उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिए 'चालान' के नाम से एक संदिग्ध लिंक आया था। इसे किसी वाहन से संबंधित चालान समझकर उन्होंने लिंक खोल लिया, लेकिन उसमें कुछ भी दिखाई नहीं दिया। घटना के एक-दो दिन बाद अचानक उनका मोबाइल नंबर बंद हो गया। जब नंबर दोबारा चालू हुआ तो खाते से पैसे कटने के कई मैसेज एक साथ आने लगे।

# 'रवनीत बिट्टू सिख हैं, इसलिए राहुल गांधी ने कहा गद्दार'

- **प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा हमला**



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि राहुल गांधी ने रवनीत बिट्टू को गद्दार कहा, क्योंकि वह सिख हैं। उन्होंने कहा कि यह सिखों का अपमान है। राज्यसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कल जो हुआ, कांग्रेस के 'युवराज' जिनका शातिर दिमाग है, उन्होंने इस सदन के एक सांसद को 'गद्दार' कहा। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका अहंकार चरम पर है। उन्होंने कांग्रेस छोड़ने वाले किसी और को गद्दार नहीं कहा। लेकिन उन्होंने उस सांसद को गद्दार इसलिए कहा क्योंकि वे एक सिख हैं। यह सिखों का अपमान था, गुरुओं का अपमान था। यह सिखों के प्रति उस नफरत का इजहार था जो कांग्रेस में भरी हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि रवनीत बिट्टू उस परिवार के सदस्य हैं, जिसने देश के लिए खुद को कुर्बान कर दिया। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे लोग कांग्रेस को डुबो देंगे।

#### क्या हुआ था राहुल गांधी-बिट्टू के बीच

गौरतलब है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच बुधवार को नोक-झोंक देखने को मिली जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें 'गद्दार' कहा। इसके जवाब में बिट्टू ने 'देश का दुश्मन' कहा। यह घटना संसद के मकर द्वार के निकट उस वक्त हुई, जब संसद के बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस के सांसद रह चुके बिट्टू संसद भवन में प्रवेश कर रहे थे और यह टिप्पणी करते हुए सुने गए कि ये (प्रदर्शन कर रहे सांसद) जंग जीतकर आए हैं। इस पर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देखिए यहां एक गद्दार चला आ रहा है...मेरे गद्दार मित्र, चिंता मत करो, वापस आओगे।

#### सोनिया गांधी का 'बिगड़ा हुआ बेटा'

बिट्टू ने बाद में राहुल गांधी को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का 'बिगड़ा हुआ बेटा' करार दिया। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने यह बात कई अन्य सांसदों से क्यों नहीं कही, बल्कि केवल एक सिख से ही क्यों कही? बिट्टू ने एक वीडियो संदेश में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गांधी परिवार खुद को सबसे बड़ा 'देशभक्त' मानते हैं क्योंकि उनके पिता (राजीव गांधी) ने अपना जीवन कुर्बान किया था। मैंने पार्टी में यह लड़ाई लड़ी कि मेरे दादा, बेअंत सिंह गांधी परिवार द्वारा लगाई गई आग के कारण पंजाब में शहीद हुए।

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी का चेयरमैन गिरफ्तार




- **क्राइम ब्रांच ने उठाया, कोर्ट ने 4 दिन की रिमांड दी**
- **UGC ने दर्ज कराई थी 2 FIR**

**फरीदाबाद.** फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

सूत्रों की माने तो पुलिस सिद्दीक से यूनिवर्सिटी के प्रशासन, वित्तीय लेन-देन और अन्य गतिविधियों से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर पूछताछ करेगी। क्राइम ब्रांच ने निजी विश्वविद्यालय के संचालन से जुड़े कथित अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के आरोपों में यूजीसी की शिकायत पर 2 मामले दर्ज किए थे। जिसमें दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई की।

बता दें कि आतंकी गतिविधियों में अल फलाह के डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद यूनिवर्सिटी निशाने पर आई थी। इसके बाद ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत सिद्दीकी और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। वहीं, ईडी इस मामले में करीब 54 एकड़ जमीन और उस पर बनी 139.97 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर चुकी है।

#### यूजीसी ने दर्ज कराई थी एफआईआर

यूजीसी की ओर से दिल्ली ब्लास्ट के बाद 2 एफआईआर दर्ज

# तमिलनाडु के मंत्री बोले-उत्तर भारतीय यहां पानीपुरी बेचते हैं

- **उन्हें सिर्फ हिंदी आती है; हमारे बच्चे तमिल-अंग्रेजी जानते हैं, विदेश में करोड़ों कमा रहे**

तमिलनाडु के कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने कहा कि उत्तर भारत से आए लोग सिर्फ हिंदी जानते हैं, इसलिए उन्हें अच्छी नौकरियां नहीं मिलतीं। वे तमिलनाडु आकर टेबल साफ करने, मजदूरी करने या पानी पूरी बेचने जैसे काम करते हैं। पन्नीरसेल्वम ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की वजह से हमारे बच्चे अमेरिका, लंदन जैसी जगहों पर जाकर करोड़ों कमा रहे हैं।

बीजेपी और दूसरी विपक्षी पार्टी DMK नेता के इस बयान का विरोध कर रहे है। तमिलनाडु बीजेपी ने सोशल मीडिया X पर पन्नीरसेल्वम की वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि यह केवल एक व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है, बल्कि एक पैटर्न बन चुका है। भाजपा ने कहा- DMK के कई नेता प्रवासी मजदूरों का, विशेषकर उत्तर भारतीय या हिंदी बोलने वालों का बार-बार मजाक उड़ा चुके हैं। ऐसे में जब तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों के खिलाफ हिंसा बढ़ रही है.

# UPSC-सेवा में रहते बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद




- **रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार**
- **नए नियम 2026 से लागू**

**नई दिल्ली.** संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन बुधवार को जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है। आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस ऑथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है।

इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, IAS और IFS को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में IPS में सिलेक्शन हुआ तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा।

#### ये बदलाव यूपीएससी 2026 में पहली बार दिखेंगे

- सिविल सर्विस एग्जाम-2026 में अगर ग्रुप-ए या फिर आईपीएस मिलती है, तो उम्मीदवार को सिर्फ एक बार यानी सीएसई-2027 में रैंक सुधारने का मौका मिलेगा। मौका तभी मिलेगा जब उम्मीदवार को ट्रेनिंग जॉइन न करने की वन टाइम एक्जेम्शन (एक बार की छूट) मिले।
- छूट फाउंडेशन कोर्स तक सीमित होगी। यदि उम्मीदवार न ट्रेनिंग जॉइन करता है, और न छूट लेता है, तो सीएसई-2026 और सीएसई-2027 दोनों के आधार पर मिली सेवा अपने आप रद्द हो जाएगी।
- सीएसई 2026 से चयनित उम्मीदवार सीएसई 2027 देना चाहते हैं, तो अनुमति जरूरी होगी। सीएसई 2028 या उसके बाद परीक्षा देने के लिए इस्तीफा अनिवार्य होगा।

#### पहले से IPS को दोबारा IPS नहीं

पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।

# भोपाल में छात्राओं पर कटर से हमला

- **साइको-मैन गिरफ्तार**
- **पत्नी से विवाद के बाद बनाया निशाना**
- **पुलिस ने रखा था 20 हजार का इनाम**



**भोपाल.** भोपाल में तीन छात्राओं पर कटर से हमला करने वाले साइको मैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे बुधवार रात छोला इलाके में घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम देवेंद्र अहिरवार है। वह सागर जिले का रहने वाला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि पत्नी से झगड़ा होने के बाद उसने अपना गुस्सा निकालने के लिए एक बाद एक तीन छात्राओं को निशाना बनाया।

#### 20 हजार रुपए का इनाम था, 5 टीमें तलाश में जुटी थीं

पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर 20 हजार रुपए इनाम था। क्राइम ब्रांच, अयोध्या नगर और पिपलानी थाने की 5 टीमें उसकी तलाश में लगी थी।

इसमें करीब 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल थे। इसके लिए पुलिस ने शहर के आपराधिक प्रवृत्ति वालों का डेटा निकालकर भी मैच करने की कोशिश की थी।

#### 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए

पुलिस के मुताबिक, आरोपी शराब पीने का आदी है और भोपाल में मजदूरी करता है। पुलिस ने बदमाश की तलाश के लिए 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। इसके बाद उसे बदमाश का सुराग लगा।

#### एक के बाद एक तीन छात्राओं को बनाया निशाना

सिरफिरे देवेंद्र अहिरवार ने 29 जनवरी की रात पत्नी से विवाद किया था। इसके बाद बाइक पर सवार होकर निकला। भानपुर ब्रिज के रास्ते आरोपी अयोध्या नगर और पिपलानी इलाके में पहुंचा। यहां उसने तीन छात्राओं पर कटर से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दो छात्राओं को गंभीर चोटें आई थीं, जबकि एक को मामूली चोट लगी। 30 जनवरी को पीड़िताओं की शिकायत पर अयोध्या और पिपलानी पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी। आरोपी अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ था।

### कोयला खदान में ब्लास्ट; 16 मजदूरों की मौत

**शिलांग.** मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले के एक सुदूरवर्ती इलाके में गुरुवार को एक अवैध कोयला खदान में भीषण डायनामाइट विस्फोट होने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने अंदेशा जताया है कि मलबे में और भी मजदूर फंसे हो सकते हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

विस्फोट की सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता, फोरेंसिक विशेषज्ञ, राज्य आपदा मोचन बल और अग्निशमन सेवा की टीमें स्थिति का जायजा लेने के लिए मयन्संगट थांगस्को क्षेत्र में पहुंच गईं। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने यूनीवार्ता को बताया कि यह एक डायनामाइट विस्फोट था।

# SC बोला- अनिल अंबानी देश नहीं छोड़ेंगे

- **बैंक फ्रॉड केस में ED-CBI को फटकार**
- **कहा- जांच में देरी की, अब ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेंगे**




**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरुभाई अंबानी ग्रुप (ADAG) जुड़े 40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में जांच एजेंसियों पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- CBI और ED जांच में देरी का कारण नहीं बता सकीं। दोनों एजेंसियां पहले ही काफी समय ले चुकी हैं। आगे ऐसी ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने CBI और ED से चार हफ्ते में ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने यह रिकॉर्ड किया कि अनिल अंबानी उसकी पूर्व अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे।

असल में याचिकाकर्ता और पूर्व आईएएस अफसर ईएएस सरमा ने अनिल के देश छोड़ने की आशंका जताई थी। सुनवाई के दौरान अनिल अंबानी ने अपने वकील मुकुल रोहतगी के जरिए कोर्ट को आश्वासन दिया कि वे कोर्ट की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि अनिल अंबानी के खिलाफ पहले ही लुकआउट सर्कुलर जारी किए जा चुके हैं। मेहता ने कोर्ट को बताया- अनिल समूह की कंपनियों के जरिए करीब 40 हजार करोड़ सायफन किए जाने का आरोप है।

इस पर कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी की- यह इतनी बड़ी रकम सायफन होने का मामला है। कोर्ट

# धोनी बोले- भारत की यह टीम सबसे खतरनाक



- **रोहित-कोहली के लिए कहा, उम्र पैमाना नहीं**

महेंद्र सिंह धोनी ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले मौजूदा भारतीय टीम की जमकर तारीफ की है, लेकिन साथ ही खिलाड़ियों को बाहरी हालात को लेकर सतर्क रहने की सलाह भी दी है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने साफ कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को वर्ल्ड कप खेलना चाहिए, क्योंकि उनके लिए उम्र कभी भी मापदंड नहीं हो सकती।

भारत टी-20 वर्ल्ड कप का डिफेंडिंग चैंपियन है और टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। इस बीच क्रिकेट कमेंटेटर जतिन सप्रू ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में धोनी एक कार्यक्रम के दौरान कहते नजर आ रहे हैं कि भारतीय टीम इस समय दुनिया की सबसे खतरनाक टीमों में से एक है। उन्होंने कहा, एक मजबूत टीम में जो भी गुण होने चाहिए, वे सभी इस टीम में मौजूद हैं और खासकर इस फॉर्मेट में टीम के पास काफी अनुभव है।

#### उम्र कोई पैमाना नहीं

इवेंट के दौरान जब धोनी से रोहित और विराट की बढ़ती उम्र और 2027 वर्ल्ड कप को लेकर सवाल किया गया तो इस पर धोनी ने कहा, सबसे पहली बात यह है कि कोई भी खिलाड़ी अगले वर्ल्ड कप में क्यों नहीं खेलना चाहेगा। मेरे मुताबिक सिलेक्शन के लिए परफॉर्मेंस और फिटनेस क्राइटेरिया हैं, उम्र नहीं।।

धोनी ने आगे कहा कि हमेशा यह भावना रहनी चाहिए कि किसी खिलाड़ी को अलग से कुछ बताने की जरूरत न पड़े और सभी के साथ समान व्यवहार हो। उन्होंने अपने करियर का उदाहरण देते हुए कहा कि जब उन्होंने डेब्यू किया था तब वह 24 साल के थे और चाहे कोई खिलाड़ी भारत के लिए एक साल खेले, दो साल या 10-20 साल तक, किसी को आकर उसकी उम्र बताने की जरूरत नहीं है।

# राजस्थान की सूफिया 98 घंटे तक खतरनाक पहाड़ों पर दौड़ीं

- **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम**



अजमेर की रनर सूफिया सूफी (40) ने एक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। सूफिया सूफी ने हिमाचल प्रदेश के मनाली से लेह तक 430 किलोमीटर की दूरी 98 घंटे 27 मिनट में पूरी की। सूफिया सूफी इससे पहले 4 रिकॉर्ड बना चुकी हैं।

रनर ने बताया- मनाली से लेह तक पांचों ऊंचे और खतरना दर्रों (पहाड़) को पार करते हुए सबसे तेज रन पूरा किया। यह एक हाई-एल्टीट्यूड एंड्योरेंस रनिंग चैलेंज था, जिसमें 8500 मीटर से ज्यादा की कुल चढ़ाई शामिल थी।

इसकी दूरी 430 किलोमीटर थी। यह रेस मैंने 31 अगस्त 2023 को पूरी किए थी। यह अवॉर्ड 2 फरवरी को मिला है।

#### 2021 में रन 156 घंटे में पूरा किया था

सूफी ने आगे बताया- मैंने इससे पहले 2021 में यह रन 156 घंटे में पूरा किया था, जो उस समय एक रिकॉर्ड था। लेकिन बाद में एक रनर प्रीति ने 100 घंटे से ज्यादा में पूरा कर रिकॉर्ड तोड़ दिया। तभी उन्होंने तय कर लिया था कि वह एक बार फिर दौड़ेंगी और नया रिकॉर्ड बनाएंगी।

### पश्चिम बंगाल में अकेले उतरेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस ने गुरुवार को फैसला किया कि वह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में किसी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी और सभी 294 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेगी। पार्टी नेतृत्व की पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में शामिल पश्चिम बंगाल के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने इसको लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग दलों के साथ गठबंधन करने से जमीनी स्तर पर कांग्रेस का कार्यकर्ता हतोत्साहित हुआ है।

# 101 करोड़ का रविदास मंदिर, लोहा-स्टील बिना बनाया

- **5 हजार साल टिकने वाला पत्थर**
- **शिवराज की घोषणा, PM का भूमिपूजन, मंदिर 90% पूरा**



**सागर.** सागर के मकरोनिया इलाके के बड़तूमा में 11 एकड़ में आकार लेता भव्य परिसर अब दूर से ही दिखने लगा है। 101 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे संत रविदास मंदिर और कला संग्रहालय का करीब 90 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है।

नागर शैली में तैयार हो रहे इस मंदिर में लोहे या स्टील का इस्तेमाल नहीं किया गया है। अयोध्या के राम मंदिर में इस्तेमाल वंशी पहाड़पुर के पत्थरों से यह निर्माण किया जा रहा है, जिन पर राजस्थान के कारीगर बारीक नक्काशी कर रहे हैं। पिलर खड़े हैं और शिखर निर्माण का काम तेजी से चल रहा है।

मंदिर का निर्माण सितंबर 2023 से शुरू होकर अगस्त 2025 में पूरा होना था, लेकिन बजट के अभाव में अब यह मार्च 2026 तक पूरा हो पाएगा। परिसर में 10 हजार वर्गफीट क्षेत्र में संत रविदास महाराज के मंदिर को बनाया जा रहा है।

#### चार गैलरी का बनाया जा रहा है म्यूजियम

संत रविदास मंदिर का निर्माण नागर शैली में पत्थरों से किया जा रहा है। साथ ही संस्कृति व रचनात्मक विशेषता के साथ संत रविदास के दर्शन को प्रदर्शित करने वाली एक विशेष शैली के इंटरप्रिटेशन म्यूजियम का निर्माण भी किया जा रहा है। म्यूजियम 20,500 वर्गफीट में बन रहा है, जिसमें चार गैलरी भी बनाई गई हैं।

पहली गैलरी में संत रविदास महाराज के जीवन को प्रदर्शित किया जाएगा। दूसरी गैलरी संत रविदास महाराज के भक्ति मार्ग और निर्गुण पंथ में योगदान पर आधारित होगी। तीसरी गैलरी संत रविदास के दर्शन का विभिन्न मतों पर प्रभाव और रविदासिया पंथ पर केंद्रित रहेगी।

चौथी गैलरी में संत रविदास के काव्योचित, साहित्य व समकालीन विवरण का समावेश रहेगा।

### आम सूचना

हम श्री बिपीनकुमार रामहुजूर यादव व श्रीमती सुभावती रामहुजूर यादव सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, नेशनल टिंबर मर्चेंट के पास, आजाद नगर, उल्हासनगर- 2 (टैक्स नं. 25बीओ017356300) उक्त प्रॉपर्टी श्री रामहुजूर रामरतन यादव के नाम पर है। उनका निधन 1.3.2025 को हो गया है। श्री ब्यास राजहुजूर यादव, श्री उमेश रामहुजूर यादव व श्री उगेश रामहुजूर यादव ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 2.2.2026 सी.नं. 511/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री बिपीनकुमार रामहुजूर यादव**
**व श्रीमती सुभावती रामहुजूर यादव**

### आम सूचना

मैं श्रीमती लिलाबाई चंद्रकांत सोरखादे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, विट भट्टी के पास, संभाजी नगर, धोबीघाट, कमला नेहरू नगर, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 03एओ014120500) उक्त प्रॉपर्टी श्री सनमुख हनुमंत राव उर्फ सनमुख एच कनकपा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.2.2026 सी.नं. 518/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती लिलाबाई चंद्रकांत सोरखादे**

### आम सूचना

मैं श्री हरेश चेलाराम मंगताणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 3, 146 चौ.फुट, ग्राऊंड फ्लोर, आरती अपार्टमेंट, रुम नं. 103,104, ब्लाक नं. ए-18, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 23बीआय016836900) उक्त प्रॉपर्टी श्री चेलाराम धामनमल मंगताणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 5.2.2018 सी.नं. 193 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेश चेलाराम मंगताणी**

## संक्षेप...

### हरिद्वार में विसर्जित की गईं अजित पवार की अस्थियां

महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की अस्थियों को आज गंगा में प्रवाहित कर दिया गया। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा अस्थि कलश लेकर हरिद्वार पहुंचे थे और उन्होंने ही वैदिक विधि-विधान के साथ विसर्जन कराया। इस दौरान एनसीपी के कई नेता मौजूद रहे, जबकि पवार परिवार का कोई सदस्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ।

यह विसर्जन एक बड़ी अस्थि कलश यात्रा की शुरुआत है, जो देश के अलग-अलग धार्मिक स्थलों और नदियों से होकर गुजरेगी। एनसीपी के कार्यकर्ताओं के मुताबिक यह यात्रा लगभग 14 राज्यों में जाएगी, जहां कार्यकर्ता अस्थि कलश के साथ पहुंचकर विधिपूर्वक विसर्जन करेंगे।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 31 घंटे बाद जाम खुला

- टैंकर पलटने से रास्ता बंद था;
- गाड़ियों की 25km लंबी कतारें
- डेढ़ लाख से ज्यादा लोग फंसे थे



**मुंबई.** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर करीब 31 घंटे बाद गुरुवार सुबह ट्रैफिक जाम खुल गया। यहां 3 फरवरी से डेढ़ लाख वाहनों में लोग फंसे थे। गाड़ियों की 25 किमी लंबी कतारें लग गई थीं। जाम में फंसे लोगों को खाना, पानी और टॉयलेट सुविधाओं की कमी के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इस जाम में फंसे लोगों में उद्योगपति और पिनैकल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुधीर मेहता भी शामिल थे। वे एक्सप्रेसवे पर लगभग आठ घंटे तक फंसे रहे और बाद में उन्हें हेलिकॉप्टर से पुणे ले जाया गया। मेहता ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर हेलिकॉप्टर से ली गई जाम की तस्वीर शेयर की। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खंडाला घाट सेक्शन में 3 फरवरी की शाम करीब 5 बजे अडोशी टनल के पास एक गैस टैंकर पलट गया था। टैंकर से प्रोपाइलीन गैस लीक हो रही थी। इसके बाद सुरक्षा कारणों से एक्सप्रेसवे के कई हिस्से बंद करने पड़े थे।

महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (MSRDC) के अनुसार, टैंकर में मौजूद प्रोपाइलीन गैस को दूसरे टैंकरों में ट्रांसफर किया गया। फिर क्षतिग्रस्त टैंकर को रास्ते से हटाया गया। तब जाकर जाम धीरे-धीरे खुलना शुरू हुआ।

### NDRF, SDRF और भारत पेट्रोलियम की टीमें तैनात

गैस लीक के बाद हालात संभालने के लिए NDRF, SDRF और भारत पेट्रोलियम (BPCL) की टीमें मौके पर तैनात की गई थीं। पुणे से मुंबई जाने वाली लेन पूरी तरह बंद कर दी गई थी और ट्रैफिक को पुराने मुंबई-पुणे हाईवे की ओर डायवर्ट किया गया था। स्थिति को कुछ हद तक संभालने के लिए पुणे लेन से मुंबई की ओर 15–20 मिनट के ब्लॉक में गाड़ियां जा रही थीं। हालांकि, बुधवार शाम तक गैस लीक जारी रहने से जाम बढ़ता ही जा रहा था। बुधवार शाम तक वाहनों की कतारें करीब 20 किलोमीटर तक फैल गई थीं।

जाम का असर बस सेवाओं पर भी पड़ा। महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम (MSRTC) की 165 बसें अलग-अलग जगहों पर फंसी रहीं।

### एक्सप्रेसवे पर गाड़ियों से टोल वसूली रोकी गई

जाम खुलने से पहले MSRDC ने बताया था कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए मुंबई-बाउंड कैरिजवे बंद रखा गया है, जिससे दोनों दिशाओं में ट्रैफिक प्रभावित हुआ। इस दौरान एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली भी बुधवार सुबह से निलंबित कर दी गई थी।

बुधवार को 139 बस सेवाएं रद्द करनी पड़ीं, जिनमें 73 ई-शिवनेरी और 66 सामान्य बसें शामिल थीं।

परिवहन विभाग के अनुसार, 163 बसें एक्सप्रेसवे पर फंसी रहीं। इनमें सतारा की 46, सोलापुर की 36, पुणे की 20, सांगली की 18, कोल्हापुर की 13, पालघर की 12, ठाणे की 11 और मुंबई डिवीजन की 7 बसें शामिल थीं।

# भिवंडी में कुत्तों की नसबंदी का काम धीमी गति से

- छोटे बच्चों में आवारा कुत्तों का आतंक



**भिवंडी.** भिवंडी शहर में कुत्ते के काटने से 12 साल के लड़के की मौत के बाद शहर में आवारा कुत्तों का मुद्दा फिर से सामने आया है. शहर के ईदगाह, शांतिनगर, कामतघर, नागांव गायत्रीनगर, निज़ामपुर, कोंबडपाड़ा इलाकों में बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते हैं और मनपा प्रशासन का पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट उन्हें कंट्रोल करने में नाकाम रहा है. छोटे बच्चों में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है.

मनपा प्रशासन ने आवारा कुत्तों को कंट्रोल करने के लिए 12 साल से बंद पड़े डॉग नसबंदी सेंटर को 11 नवंबर, 2024 को फिर से खोल दिया. यह काम वेट्स सोसाइटी फॉर एनिमल वेलफेयर एंड रूरल डेवलपमेंट को सौंपा गया है. इसके लिए संस्था को हर कुत्ते की नसबंदी के लिए 1440 रुपये दिए जाते हैं. यहां 24 हज़ार आवारा कुत्ते हैं. अब तक सिर्फ़ 6136 कुत्तों को ही वैक्सीन और डीवॉर्मिंग दी गई है. कुल संख्या की तुलना में यह संख्या बहुत कम है। नसबंदी किए गए कुत्तों के कान काटे जाते हैं। चूंकि कान कम मात्रा में काटे जाते हैं, इसलिए नसबंदी किए गए कुत्तों की पहचान करना मुश्किल होता है, इसलिए यह पहचानना मुश्किल हो गया है कि उन्हें काटने वाले कुत्ते का सही पता लगाना मुश्किल हो गया है।

इंदिरा गांधी स्मृति उपजिला अस्पताल में 11 हजार 37 मरीजों को रेबीज के खिलाफ असरदार एंटी-रेबीज वैक्सीन दी गई है, जबकि म्युनिसिपल BGP अस्पताल में 1 अप्रैल, 2025 से जनवरी 2026 के बीच 6 हजार 136 मरीजों को वैक्सीन दी गई है। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पास वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक है। म्युनिसिपल हेल्थ डिपार्टमेंट ने इंदिरा गांधी स्मृति उपजिला अस्पताल को यह वैक्सीन सप्लाई की है, ऐसा म्युनिसिपल मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के चीफ हेल्थ ऑफिसर डॉ. संदीप गाडेकर ने कहा।

# 26 मंदिरों का जीर्णोद्धार, 14 जरूरतमंदों को घर अरविंद वालेकर के जन्मदिन पर बनाए गए

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में 26 मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं 14 जरूरतमंदों को अरविंद वालेकर के जन्मदिन पर घर बनाकर दिए गए हैं. ऐसी जानकारी पूर्व उप नगराध्यक्ष राजेंद्र वालेकर ने पत्रकारों को दी है. 5 फरवरी को अरविंद वालेकर के जन्मदिन पर मरियम्मा मंदिर भास्कर नगर के पुजारी को नया घर बनाकर देने पर उद्घाटन समय ये जानकारी दी गई है. इस अवसर पर वालेकर ने कहा कि शिवसेना के 80% समाजकारण एवं 20% राजकारण को लेकर वह शहर में कार्य कर रहे हैं. आज तक हर वर्ष शहरवासियों को बिना भेदभाव के दिवाली में अनाज, ईद में शिरखुर्मा का सामान एवं 10 रुपए में रोजाना भोजन वितरित किया जाता है. वह ऐसा नेक कार्य करते रहेंगे. मंदिर के पुजारी का घर एकदम खस्ता हालत में था. घर गिरने के करीब था. खस्ता घर को तोड़कर नया घर मिलने पर पुजारी व उनकी पत्नी महालक्ष्मी ने खुशी जताते हुए अरविंद वालेकर को हार पहनाकर उन्हें जन्मदिन की शुभेच्छा दी. उस समय दक्षिण राज्य के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे. रात में हास्य कवि दिनेश बावरा द्वारा हास्य व्यंग्य कविताएं पेश की गई. शहरवासी एवं राजनीतिक पक्ष के नेता, शिवसेना के नगरसेवक, महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं.

# भिवंडी में महापौर चुनाव लटका

**भिवंडी.** 16 जनवरी को भिवंडी निज़ामपुर सिटी महानगर पालिका चुनाव के नतीजे आए हुए भले ही हफ़्ते बीत गए हों, लेकिन भिवंडी में महापौर का चुनाव अभी भी अटका हुआ है। राज्य की ज़्यादातर महानगर पालिका में मंगलवार को मेयर का चुनाव पूरा हो गया, लेकिन कोंकण कमिश्नर ऑफिस से ज़रूरी ऑर्डर न मिलने की वजह से भिवंडी में यह प्रक्रिया रुकी हुई है. इसलिए, भिवंडी को महापौर कब मिलेगा, यह सवाल अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

कोंकण आयुक्तालय से ऑर्डिनेंस के बिना स्पेशल मीटिंग नहीं हो सकती। नतीजतन, शहर के मामले एडमिनिस्ट्रेटिव अनिश्चितता में फंसे हुए हैं। जब सड़क, पानी की सप्लाई, सफ़ाई और ट्रांसपोर्ट जैसे बेसिक मुद्दों पर फ़ैसले लेने के लिए काबिल



लीडरशिप की ज़रूरत है, तो महापौर पद का खाली होना खतरनाक होता जा रहा है। महापौर पद के लिए भिवंडी सेक्युलर फ्रंट ने मोर्चा संभाल लिया है।

90 मेंबर वाले कॉर्पोरेटर हाउस में कांग्रेस के 30, नेशनलिस्ट कांग्रेस (शरद पवार ग्रुप) के 12, BJP के 22, शिंदे ग्रुप के 12 शिवसेना, समाजवादी पार्टी के 6, कोणार्क विकास अघाड़ी के 4, भिवंडी विकास अघाड़ी के 3 और एक इंडिपेंडेंट हैं।

कांग्रेस, NCP (शरद पवार ग्रुप) और समाजवादी पार्टी ने मिलकर 'भिवंडी सेक्युलर फ्रंट' बनाया है और महापौर पद पर साफ दावा ठोक दिया है। दूसरी तरफ, BJP और शिंदे सेना भी अपनी एक्टिविटी बढ़ा रही हैं और ऐसे संकेत हैं कि ऑर्डर आते ही भिवंडी की पॉलिटिक्स में बड़ी खींचतान शुरू हो जाएगी। पूरी भिवंडी अब इस बात पर ध्यान दे रही है कि कोंकण आयुक्त कब हरी झंडी देंगे।

## आम सूचना

मैं श्री भरत भगवानदास मोटवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 403, साई आशिष अपार्टमेंट, बैरक नं. 298, रुम नं. 1, प्लाट नं. 307, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 20बीआय016468200) उक्त प्रॉपर्टी श्री जीवनदास खेमदास लासी के नाम पर है उन्होंने श्रीमती हेमलता वाशदेव पुरस्वानी से सेल एग्रीमेंट 28.12.1994 को खरीदी है और श्रीमती हेमलता वाशदेव पुरस्वानी ने यह प्रॉपर्टी श्रीमती निशा पी. इदनानी से 11.8.1994 को खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री भरत भगवानदास मोटवानी**

# ठाणे मनपा ने 19 नए EV चार्जिंग स्टेशन को मंज़ूरी दी

**ठाणे.** ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने नए इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए शहर भर में 19 जगहों को फाइनल किया है। यह ठाणे में EV इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और इको-फ्रेंडली ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह फैसला म्युनिसिपल कमिश्नर सौरभ राव के गाइडेंस में कॉर्पोरेशन के इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट और सिटी डेवलपमेंट डिपार्टमेंट द्वारा किए गए एक डिटेल्ड सर्वे के बाद लिया गया। असेसमेंट के बाद, TMC ने प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए टेंडर जारी किए हैं, जिसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत डेवलप किया जाएगा।

### पूरा खर्च टेंडर प्रोसेस के जरिए चुने गए प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टर उठाएंगे

इस मॉडल के तहत, कंस्ट्रक्शन, ऑपरेशन, मेंटेनेंस, पावर सप्लाई, परमिशन और सिक्योरिटी का पूरा खर्च टेंडर प्रोसेस के जरिए चुने गए प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टर उठाएंगे। नतीजतन, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन पर कोई फाइनेंशियल बोझ नहीं पड़ेगा। बदले में, कॉन्ट्रैक्टर TMC के साथ रेवेन्यू शेयर करेगा, जिससे कॉर्पोरेशन को इन चार्जिंग स्टेशनों पर इस्तेमाल होने वाली हर यूनिट बिजली पर कम से कम INR 1 की कमाई होगी।

### चार्जिंग स्टेशनों के लिए ज़मीन 10 साल के लिए देगी मनपा

चार्जिंग स्टेशनों के लिए ज़मीन म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन 10 साल के लिए देगी। ठेकेदारों को चार्जिंग स्टेशनों को लगातार चालू रखना होगा, जिसमें न्यूनतम अनिवार्य संचालन अवधि तीन वर्ष होगी। उपयोगकर्ताओं के लिए बिजली का शुल्क केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार तय किया जाएगा, और चार्जिंग साइटों पर व्यावसायिक विज्ञापन की अनुमति नहीं होगी।

### इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहन

इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा दिए गए विभिन्न प्रोत्साहनों के बावजूद, सार्वजनिक चार्जिंग सुविधाओं की कमी शहर में ईवी अपनाने के लिए एक बड़ी बाधा रही है। इन नए चार्जिंग स्टेशनों की शुरुआत से इलेक्ट्रिक कारों और दोपहिया वाहनों के उपयोगकर्ताओं सहित ईवी मालिकों को बहुत जरूरी समर्थन मिलने और अधिक निवासियों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित होने की उम्मीद है।

### लिफ्ट में गैस वाला गुब्बारा फटने से लगी आग

**मुंबई.** गोरेगांव वेस्ट में एक सोसाइटी की लिफ्ट में हाइड्रोजन गैस से भरा गुब्बारा फटने से एक बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में दो युवक और एक युवती गंभीर रूप से झुलस गए। धमाका इतना ज़ोरदार था कि लिफ्ट कुछ देर के लिए आग की लपटों से घिर गई।

# भांडुप सर्कल में केबल टेस्टिंग वैन का उद्घाटन



**ठाणे.** महावितरण हमेशा से ग्राहकों को अच्छी सर्विस देने के बारे में सोचता रहा है और उसी के तहत हेड ऑफिस ने भांडुप सर्कल में भांडुप टेस्टिंग डिपार्टमेंट के लिए एक केबल टेस्टिंग वैन दी है।आज 5 फरवरी को केबल टेस्टिंग वैन का उद्घाटन चीफ इंजीनियर, भांडुप सर्कल संजय पाटिल ने किया। यह प्रोग्राम ठाणे टेस्टिंग डिपार्टमेंट में सफलतापूर्वक हुआ। इस मौके पर ठाणे बोर्ड के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर माणिक राठौड़, ठाणे टेस्टिंग डिपार्टमेंट के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विशाल कुलकर्णी, भांडुप डिवीजन के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अप्पासो खांडेकर और ठाणे-1 डिवीजन के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर चंद्रमणि मेश्राम और दूसरे इंजीनियर और अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस केबल टेस्टिंग वैन की मदद से केबल में फॉल्ट ढूंढने में लगने वाला समय कम हो जाएगा। नतीजतन, फॉल्ट को ठीक करने में लगने वाला समय भी कम हो जाएगा। चीफ इंजीनियर संजय पाटिल ने भरोसा जताया कि यह लेटेस्ट केबल टेस्टिंग वैन ठाणे मंडल में बिजली सप्लाई का भरोसा बढ़ाने और कस्टमर्स को समय पर, अच्छी क्वालिटी और बिना रुकावट बिजली सप्लाई देने में ज़रूर मदद करेगी। इस मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए चीफ इंजीनियर संजय पाटिल ने अपील की कि केबल टेस्टिंग यूनिट वैन का ज़्यादा से ज़्यादा और असरदार इस्तेमाल करें और बिजली कस्टमर सर्विस को और बेहतर बनाएं। साथ ही, महावितरण के कर्मचारियों के लिए नई टेक्नोलॉजी अपनाकर केबल में आने वाली खराबी को कम से कम समय में खत्म करने की कोशिश की जानी चाहिए, ताकि कस्टमर्स को बिना रुकावट बिजली सप्लाई देने में मदद मिले।

### एकलव्य स्कूल की 583 सीटों के लिए प्री-एग्जामिनेशन 1 मार्च को

**ठाणे.** अतिरिक्त आयुक्त आदिवासी विकास ठाणे डिपार्टमेंट के तहत 6 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में एकेडमिक ईयर 2026-2027 के लिए एडमिशन प्रोसेस शुरू हो गया है ।यह प्रोसेस नेशनल आदिवासी विद्यार्थियों के एजुकेशन कमिटी की गाइडलाइंस के अनुसार लागू किया जा रहा है ।इसके अनुसार अतिरिक्त आयुक्त आदिवासी विकास ठाणे डिपार्टमेंट के तहत 6 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में 583 खाली सीटों के लिए प्री-एग्जामिनेशन 1 मार्च 2026 को होगा ।साथ ही 6 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में एकेडमिक साल 2026-2027 के लिए क्लास 6 वीं के स्टूडेंट्स 180 लड़के और 180 लड़कियां की 360 सीटों पर प्री-एग्जामिनेशन के ज़रिए एडमिशन दिया जाएगा और क्लास 7 से 9 की 223 खाली सीटों पर स्टूडेंट्स को मेरिट के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा।

## जाहीर नोटीस

याद्वारे जाहीर आव्हान करण्यात येते की, **अर्जदार श्री. सचिन लक्ष्मण इंगळे** रा. **खोली क्रमांक 103 विनायक कोंडीलार आर्केड ए विंग बॅरेज रोड बदलापूर पश्चिम** अंबरनाथ जि.ठाणे यांनी जन्म/मृत्यु दाखला नोंद करणेकामी **कै. शांता लक्ष्मण इंगळे (मृत्यु दि. 16/04/2022).** संबधित महानगरपालिका/नगरपालिका/संबधित ग्रामपंचायत यांचे नावे भरणे) यांना आदेश देणेकामी या कार्यालयात विनंती अर्ज केला आहे.

भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील **दि. 11/08/2023** रोजीच्या राजपत्रान्वये जन्म - मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा, 2023 मध्ये कलम 11 (2) व (3) मध्ये सुधारणा करुन जन्म मृत्युच्या तारखेपासून 1 वर्षानंतरच्या विलंबाने प्राप्त झालेल्या प्रकरणंमध्ये जन्म-मृत्युची नोंद करणेबाबत अनुषांगिक कार्यवाही करुन आदेश देणेकामी फौजदारी प्रक्रीया संहिता, 1973 कलम 23(2) अन्वये या कार्यालयास अधिकार प्रदान केले आहेत.

तरी प्रकरणी कै. शांता लक्ष्मण इंगळे यांचे जन्माची/मृत्युची नोंद करण्याच्या अनुषंगाने आदेश पारीत करणेकामी कोणाचे आक्षेप/हरकत असल्यास सदर नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासुन 30 दिवसात स्वतः अगर कायदेशीर सल्लागारासह तसेच आवश्यक त्या पुराव्यासह न चुकता हजर राहावे, अन्यथा उपलब्ध कागदपत्रांच्या आधारे पुढील निर्णय घेण्यात येईल याची कृपया नोंद घ्यावी.

शिक्का

(सही)
**तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी,**
अंबरनाथ

दिनांकः14/11/2023

# प्रियंका ने दिया डॉन-3 और कृष-4 से जुड़ने का हिंट

- कहा- पता नहीं इस बारे में बोल सकती हूं या नहीं
- वाराणसी से कर रही हैं इंडियन सिनेमा में वापसी

प्रियंका चोपड़ा करीब छह साल बाद भारतीय सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। वह एस.एस. राजामौली की फिल्म वाराणसी में नजर आएंगी। इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म डॉन और कृष को लेकर बात की।

स्क्रीन रेंट से बातचीत में जब प्रियंका चोपड़ा से डॉन 3 और कृष 4 का हिस्सा होने के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कहा, यह ऐसे किरदार हैं, जिन्हें वो हमेशा करने के लिए तैयार रहेंगी लेकिन कहानी भी अच्छी होनी चाहिए। मुझे नहीं पता कि मैं दोनों में से किसी के बारे में बात कर भी सकती हूं या नहीं।

इसी दौरान प्रियंका के को-एक्टर महेश बाबू ने मजाक में कहा, तो फिर कुछ न कुछ जरूर चल रहा है। आगे एक्ट्रेस ने कहा, वाराणसी भारत में लगभग छह साल बाद मेरी पहली फिल्म है और यहां वापस आना बेहद खास है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी किरदार या फ्रेंचाइजी में दमदार कहानी हो तो वह उसे दोबारा निभाने के लिए तैयार हैं।

ऋतिक रोशन की कृष 3 में प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके अलावा वो शाहरुख खान की 'डॉन 2' का भी हिस्सा रह चुकी हैं।



## आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा सिंह पति श्री डॉ. एन.एन.सिंह निवासी फ्लैट नं. 607, श्री हरि काम्पलेक्स, तीस गांव पाडा, कल्याण (पूर्व) 4213062 महाराष्ट्र को सूचना प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है। पारिवारिक व्यवस्था में बिलासपुर छ.ग. स्थित पारिवारिक संपत्ति में भूमि/ संपत्ति लीज का नवीनीकरण शीट नं. 4, प्लॉट नं. 45/1 समस्त पारिवारिक सदस्यों को रजिस्ट्री के समक्ष उपस्थित होकर नवीनीकरण रजिस्ट्री करवाना न्यायसंगत होगा। किंतु अनेक बार प्रयास करने के बाद भी उपस्थित नहीं होने के कारण पुष्पा सिंह रजिस्ट्री बिलासपुर छ.ग. में उपस्थित नहीं होने से नवीनीकरण प्रकाशित सूचना सूचित किया जाता है कि प्रकाशन के 1 माह के भीतर रजिस्ट्री करा सके। उपस्थित न होने की दशा में विधिवत कार्यवाही हेतु परिवार के अन्य सदस्य गण बाध्य होंगे।

सही/-
**श्री गणेश सिंह**
9098284806

### BMC के दो अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

मुंबई. मनपा के लाइसेंसिंग विभाग से जुड़े दो कर्मचारी एंटी करप्शन ब्यूरो की गिरफ्त में आए हैं, जब वे एक कॉफी शॉप मालिक से 35,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए।

घटना G नॉर्थ वार्ड के लाइसेंसिंग विभाग में तैनात इंस्पेक्टर कविता धनवड़े और सीनियर इंस्पेक्टर सैय्यद इमाम के साथ हुई।












यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099